रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 29 अप्रैल, 2026

वर्ष 02 | अंक 107 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# इंदौर में सौर ऊर्जा का विस्तार, शहर को बनाएगा और ज्यादा शक्तिशाली

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जल सुरक्षा और आर्थिक बचत की दिशा में इंदौर का ऐतिहासिक कदम... स्वच्छता में देशभर में अपनी पहचान स्थापित कर चुके इंदौर ने अब ऊर्जा के क्षेत्र में भी रखा बड़ा और दूरदर्शी कदम, 60 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का अधिकृत होगा शुभारंभ, बढ़ते वित्तीय दबाव को देखते हुए निगम ने दीर्घकालिक समाधान के रूप में सौर ऊर्जा को अपनाया...**

रणजीत टाइम्स

स्वच्छता में देशभर में अपनी पहचान स्थापित कर चुके इंदौर ने अब ऊर्जा के क्षेत्र में भी बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाया है। इंदौर नगर निगम द्वारा विकसित 60 मेगावाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का अधिकृत शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कर कमलों से होने जा रहा है, जो देश में किसी भी शहरी निकाय द्वारा स्थापित सबसे बड़ी सौर परियोजनाओं में शामिल है। यह परियोजना मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के समराज और आशुखेड़ी गांवों में स्थापित की गई है।

## ऊर्जा खर्च से राहत, सोलर बना स्थायी समाधान

नगर निगम के जालूद और भकलई जल पंपिंग स्टेशनों पर अब तक हर महीने 22 से 24 करोड़ रुपये तक का बिजली खर्च आता रहा है। इस बढ़ते वित्तीय दबाव को देखते हुए निगम ने दीर्घकालिक समाधान के रूप में सौर ऊर्जा को अपनाया। इस परियोजना से अब जल आपूर्ति तंत्र को सस्ती, स्थिर और स्वच्छ बिजली उपलब्ध होगी।परियोजना के लिए इंदौर नगर पालिक निगम ने 244 करोड़ के ग्रीन बॉन्ड जारी किए 41.28 करोड़ की वायबिलिटी गैप फंडिंग (VGF) प्राप्त की 20 करोड़ की ब्याज सब्सिडी हासिल की यह परियोजना नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की CPSU फेज-II योजना के तहत विकसित की गई है।



## फैक्ट बॉक्स

**उद्देश्य...** जल पंपिंग की बिजली लागत में कमी और स्वच्छ ऊर्जा अपनाना

**क्षमता...** 60 मेगावाट 7 210.84 एकड़ भूमि

**उत्पादन...** 9.6 करोड़ यूनिट प्रतिवर्ष

**पर्यावरण लाभ...** 1.46 लाख टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी

**आर्थिक लाभ...** रु.3.5 /यूनिट सोलर बिजली 25 वर्षों तक स्थिर लागत

*इंदौर का 60 मेगावाट सोलर प्लांट केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि शहरी भारत के भविष्य की रूपरेखा है जहां स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक संतुलन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी एक साथ आगे बढ़ते हैं।*

## पर्यावरणीय दृष्टि से बड़ा प्रभाव

- हर वर्ष लगभग 1.46 लाख टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी
- शून्य उत्सर्जन आधारित संचालन
- परियोजना क्षेत्र में हरित पट्टी विकास और पौधरोपण
- 10 किमी दायरे में कोई संरक्षित वन या वन्यजीव प्रभावित नहीं
- यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**जल संरक्षण में भी अभिनव पहल...** सोलर पैनलों की सफाई के लिए उपचारित पानी और नर्मदा जल का उपयोग और रोबोटिक एवं ड्राई क्लीनिंग तकनीक इन उपायों से जल की न्यूनतम खपत सुनिश्चित की गई है, जो इसे जल संरक्षण का भी राष्ट्रीय मॉडल बनाता है।

**स्थानीय सहभागिता से मिली मजबूती...** परियोजना के विकास में स्थानीय ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी रही।

## पूर्व और पश्चात विस्तृत जनसंवाद...

**स्थानीय रोजगार को प्राथमिकता...**

- पेयजल स्रोतों के संरक्षण की लिखित सहमति सड़क सुधार, स्वास्थ्य शिविर और सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी CSR गतिविधियाँ
- इन प्रयासों ने परियोजना को सामाजिक स्वीकृति और स्थायित्व प्रदान किया।
- आर्थिक लाभ मजबूत होगा नगर निगम
- सोलर बिजली लागत लगभग 3.5 प्रति यूनिट
- ग्रिड बिजली लागत 6 से 9 रु. प्रति यूनिट
- इस अंतर से जल संचालन में करोड़ों रुपये की बचत होगी। साथ ही 25 वर्षों तक स्थिर ऊर्जा लागत

**कम संचालन एवं रखरखाव खर्च...**

- कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय
- यह सभी कारक इंदौर को आर्थिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर बनाएंगे।

## राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान

*इंदौर का यह प्रोजेक्ट भारत के 2070 तक 'नेट जीरो' उत्सर्जन लक्ष्य और 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य से सीधे जुड़ा हुआ है। यह परियोजना शहरी भारत में ऊर्जा संक्रमण का मजबूत उदाहरण बनकर उभरी है।*

## तकनीकी रूप से अत्याधुनिक परियोजना

- कुल भूमि 210.84 एकड़ (बंजर भूमि का उपयोग)
- स्थापित क्षमता 60 मेगावाट (AC)
- सोलर तकनीक DCR-अनुपालन Mono-PERC मॉड्यूल
- ग्रिड कनेक्टिविटी 132 केवी पूलिंग स्टेशन (MPPTCL)
- वार्षिक उत्पादन लगभग 9.6 करोड़ यूनिट (MU)
- यह ऊर्जा सीधे शहर के जल पंपिंग सिस्टम को सपोर्ट करेगी, जिससे बिजली लागत में भारी कमी आएगी।

## प्रतिक्रिया



*'इंदौर का यह सोलर मॉडल प्रदेश और देश के लिए आदर्श है, जो ऊर्जा सुरक्षा, जल संरक्षण और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'*

**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री



*'यह परियोजना केवल बिजली उत्पादन नहीं, बल्कि इंदौर की आत्मनिर्भरता और सतत विकास का प्रतीक है। यह देश के अन्य शहरों के लिए मार्गदर्शक बनेगी।'*

**पुष्यमित्र भार्गव**, महापौर

# एमपी में 83 करोड़ GST वसूली पर बवाल: असिस्टेंट कमिश्नर सस्पेंड, SOM डिस्टिलरीज केस ने खोली सिस्टम की परतें

मध्यप्रदेश में GST वसूली से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें करीब 83 करोड़ रुपए की टैक्स रिकवरी को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में एक असिस्टेंट कमिश्नर को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि शराब कंपनी Som Distilleries से जुड़े इस केस ने वित्तीय अनियमितताओं की गंभीर तस्वीर पेश की है।

## क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के मुताबिक, GST विभाग द्वारा Som Distilleries पर भारी टैक्स देनदारी का मामला बनाया गया था। जांच के दौरान करीब 83 करोड़ रुपए की वसूली का आंकड़ा सामने आया। लेकिन इसी कार्रवाई की प्रक्रिया और फैसलों पर सवाल उठे, जिसके बाद विभाग ने संबंधित असिस्टेंट कमिश्नर को निलंबित कर दिया।

क्यों हुआ सस्पेंशन?

बताया जा रहा है किः वसूली की कार्रवाई में नियमों के पालन को लेकर गंभीर आपत्तियां सामने आईं जांच में यह देखा जा रहा है कि कहीं अत्यधिक या गलत आकलन तो नहीं किया गया प्रशासन को शक है कि प्रक्रिया में लापरवाही या दबाव में निर्णय लिए गए इसी आधार पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से अधिकारी को हटा दिया और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

Som Distilleries पहले भी विवादों में यह पहली बार नहीं है जब Som Distilleries का नाम विवादों में आया हो। इससे पहले भी कंपनी पर टैक्स चोरी और अन्य अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं।

# मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने की प्रक्रिया शुरू, 60 दिन बाद सरकार लेगी बड़ा फैसला

**भोपाल** : मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है।

राज्य सरकार ने प्रदेश में यूसीसी लागू करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिया है. विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने समान नागरिक संहिता के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर दिया है. यह समिति विभिन्न व्यक्तिगत और पारिवारिक कानूनों का 60 दिनों में अध्ययन करेगी ओर इसके बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी इस तरह काम करेगी यह समिति समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना प्रसाद देसाई के नेतृत्व में समिति के 5 सदस्य विभिन्न पहलुओं से जुड़े मुद्दे पर विचार करेगी. समिति में रिटायर्ड भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शत्रुघ्न सिंह, कानूनविद अनूप नायर, शिक्षाविद् गोपाल शर्मा,



सामाजिक कार्यकर्ता बुधपाल सिंह और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव आईएएस अजय कटेसरिया रहेंगे. विधि व विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश 8 बिंदुओं पर काम करने के निर्देश दिए गए हैं.

कहा गया है आदेश में? आदेश में कहा गया है कि मौजूदा समय में नागरिकों के बीच समानता, न्याय, सामाजिक समरसता और विधिक स्पष्टता सुनिष्चित करने के लिए विवाह विच्छेद, भरण पोषण, उत्तराधिकार दत्तक ग्रहण और लिव इन संबंधों से जुड़े कानूनों की समीक्षा की जरूरत महसूस की जा रही है.इन बिंदुओं पर काम करेगी कमेटी प्रदेश में प्रचलित विभिन्न व्यक्तिगत और पारिवारिक विधियों जैसे विवाह, तलाक, भरण पोषण, दत्तक और लिव इन से जुड़ी व्यवस्थाएं शामिल हैं, इनका विस्तार से अध्ययन करना. अन्य राज्यों खासतौर से उत्तराखंड और गुजरात में अपनाए गए मॉडल, प्रक्रिया का अध्ययनकर उपयुक्त बिंदुओं का परीक्षण करना. राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समान नागरिक संहिता के लिए एक संतुलित और व्यवहारिक एवं विधिक संरचना प्रस्तुत करना. विभिन्न हितधारकों जैसे आम जनता, सामाजिक धार्मिक संगठन, विधि विशेषज्ञ, शैक्षणिक संस्थाओं आदि से इसको लेकर सुझाव, आपत्तियां बुलाकर उनका परीक्षण करना. जरूरत होने पर जनसुनवाई।

# धार्मिक नगरी उज्जैन में शिवशक्ति महायज्ञ एवं 1108 हनुमान चालीसा पाठ सकुशल संपन्न






**उज्जैन। 28 अप्रैल को धार्मिक नगरी उज्जैन में विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना को लेकर आयोजित शिवशक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय 1108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सकुशल एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ संपन्न हुआ।**

वर्तमान समय में विश्व में जारी युद्ध विभीषिका एवं पीड़ित मानवता की रक्षा के उद्देश्य से इस धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति की प्रार्थना की। यह कार्यक्रम मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक यज्ञ-पाठ के रूप में आयोजित हुआ, वहीं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ हुआ। आयोजन का स्थल पशुपतिनाथ मंदिर परिसर, चामुंडा माता मंदिर के सामने निर्धारित किया गया था, जहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।

कार्यक्रम में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज एवं आचार्य पूज्य श्री अखिलेश महाराज जी का पावन आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संरक्षण में श्री नारायण यादव दादा दयालु, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक श्री दीपक बेलानी जी एवं सुश्री अक्षता यादव के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी श्रीमती रेखा जी चंदेल द्वारा दी गई तथा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने एवं विश्व शांति की प्रार्थना में सहभागी बनने की अपील की गई थी।

# भंवरकुआं पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पिट्स एक्ट में कुख्यात बदमाश भरत उर्फ लंगड़ा गिरफ्तार, 6 माह के लिए निरुद्ध

राजेश धाकड़

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थ कारोबार और नशे से जुड़े अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए थाना भंवरकुआं पुलिस ने कुख्यात बदमाश भरत उर्फ लंगड़ा पिता हल्केराम वर्मा (32) निवासी नानक नगर रिंग रोड को गिरफ्तार किया है।

आरोपी को पिट्स एक्ट के तहत 6 माह के लिए निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, बदमाश की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आयुक्त संभाग इंदौर के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए आरोपी को 6 माह की अवधि के लिए इंदौर संभाग के जिलों की सीमा से निरुद्ध कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजने के निर्देश दिए।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजय चौधरी के निर्देशन में की गई। थाना प्रभारी संतोष दूधी ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना भंवरकुआं में अवैध मादक पदार्थ बिक्री, नशा करने और अन्य विभिन्न धाराओं में कई मामले दर्ज हैं।

इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष दूधी, उप निरीक्षक नीलमणि ठाकुर, आरक्षक किशन जाट एवं जीवन सोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



25 और 26 मार्च को 2026 को भोलाराम उस्ताज मार्ग भंवरकुआं पर एक विशाल रक्तदाता शिविर मोहित संतोष जी वर्मा ओर जगप्रीत सिंह टुटेजा ओर अन्य समाज सेवी के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था जो 36 घंटे निरंतर चला। उसमें इंदौर की बड़े-बड़े साथ अस्पताल की ब्लड बैंक ने भाग लिया था जिसमें अमीन खान ब्लड बैंक कोऑर्डिनेटर लाहौटी मेडिकेयर के विशेष निवेदन पर वीर जी के द्वारा लाहौटी मेडिकेयर हॉस्पिटल की टीम को भी इस 36 घंटे वाले ब्लड डोनेशन में शामिल किया गया था। जिसमें ब्लड बैंक इंचार्ज फारुख खान ओर हॉस्पिटल मैनेजर श्याम मुंद्रा जी और टेक्नीशियन विल्सन जी राकेश जी चंदन जी उनके साथ पूरी टीम ने साथ दिया ओर इस कैंप में। मेडिकेयर ब्लड बैंक को 51 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ है। जो थैलेसीमिया के मरीज और असहाय मरीज के लिए काम आयेगा। इसमें टोटल 7 ब्लड बैंक ने भाग लिया था जिसमें माय ब्लड बैंक चोइथराम ब्लड बैंक अरविंदो ब्लड बैंक रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक सुयश हॉस्पिटल ब्लड बैंक और लाहोटी मेडिकल हॉस्पिटल ब्लड बैंक ने पार्टिसिपेट किया था।

# जिला स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक संपन्न

प्रदीप सिंह बघेल

**कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं राष्ट्रीय पोषण मिशन अंतर्गत जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं से स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला उनसे सतत रूप से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें आवश्यकतानुसार समय समय पर उपचार करें।**



कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्त करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग समन्वय बनाकर कार्य करे और वरिष्ठ अधिकारी, मैदानी अमले द्वारा किए जा कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें एन आर सी केंद्रों में भिजवाए तथा बच्चों को पोषण किट का भी वितरण प्राथमिकता के साथ किया जाए, कोई भी एन.आर.सी. केंद्रों की कोई भी सीटें रिक्त न रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की जांच नियमित रूप से की जाए एवं सिकल सेल के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु गतिविधियां आयोजित करें।

कलेक्टर ने 14 से 15 वर्षीय बेटियों को जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु लगाए जा रहे एच. पी. व्ही. वैक्सीनेशन की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अमोल पोर्टल, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रक कार्यक्रम, प्रसव, जिला चिकित्सालय में और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, मुख्य कार्यपालन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# महिला नेतृत्व में पूर्वी क्षेत्र में ऐतिहासिक श्री परशुराम सनातन शोभायात्रा निकाली गई







वर्ष 2018 से पूर्वी क्षेत्र की परम्परागत शोभायात्रा निकली जा रही है।इस वर्ष सर्व ब्राह्मण युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र एवं श्री परशुराम सेना पूर्वी क्षेत्र के सयुक्त तत्वाधान में यह यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा में लव जिहाद जनजागरण,जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण जैसे कई सामाजिक संदेश दिए गए।महिला सशक्तीकरण का यह यात्रा सर्वोत्तम उदाहरण रही।कई मंचों से यात्रा का स्वागत किया गया।

वैभव नगर चौराहे से यात्रा प्रारंभ हुई जो मुख्य रूप से कनाडिया मेन रोड से होते हुए भगवान परशुराम जी की महाआरती के बाद समापन की गई।हजारों मातृशक्तियों के द्वारा कलश लेकर इस यात्रा में सहभागिता की। सर्व ब्राह्मण युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र अध्यक्ष राकेश जोशी के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई।इस वर्ष यात्रा प्रभारी सर्व ब्राह्मण युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र की महिला मंडल अध्यक्ष सुश्री नेहा शर्मा रही एवं यात्रा संयोजक श्री परशुराम सेना पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी को बनाया गया। यात्रा की विभिन्न



महिला प्रभारी में चेतना वाजपेई,स्वाति दुबे,दीक्षा चांडक,रचना शर्मा,ऊषा अरोरा,नेहा शर्मा(वंडर किड्स),सीमा शर्मा,मंजू पाराशर,नेहा जोशी,चंदा जैन एवं व्यवस्था प्रभारी शिव पाराशर,राजेश दुबे,अमर चंकी पांडे,अंकित बाजपेई, चंदन दवे, राकेश दुबे,मनीष शर्मा,संजय शर्मा,प्रवीण जोशी, कमल पंडित, गौरव ठाकुर, मनीष यादव,संदीप प्रजापति,अजय कुमावत,आशीष जिनीवाल मुख्य रहे। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जी,विधायक महेंद्र हार्डिया जी,पूर्व विधायक संजय शुक्ला जी,श्री कैलाश पिंपले जी श्री संदीप जोशी,आरती जायसवाल(विश्व हिंदू परिषद),महेश जोशी,श्री अनुप शुक्ला,श्री पप्पी शर्मा,श्री दिलीप शर्मा, सत्येंद्र शर्मा पार्षद श्री प्रणव मण्डल,श्री राजीव जैन,श्रीमती मुद्रा शास्त्री जी,कपिल पांडे,श्री दिपेश पालविया जी,श्री दिपेशं खंडेलवाल जी,श्री अशोक अधिकारी जी श्री अनिल गौहर जी, पहलवान श्री मोहन पाटीदार जी श्री रितेश जैन जी श्री राजा कोठारी जी पंडित महेश जोशी जी,अमित त्रिवेदी, रविंद्र त्रिवेदी,अभय जोशी ,आर्यन जोशी, करणी सेना से ठाकुर राहुल सिंह पंवार (अध्यक्ष) , ठा.प्रेम सिंह राठौड़,सुनील सिंह चौहान, सचिन सिंह पटेल,बाला गावडे, विकास खींची,अंकित दुबे, धर्मेंद्र जोशी,अंकित उपाध्याय,विपिन पंडित,श्री देवी सिंह यादव जी,मीनू शर्मा,दीपाली शर्मा,आरु पांडे,नारायणी बरेठा,शिखा तिवारी,अलका दुबे,गोविंद सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

# पती के मौत दर दर भटक रही महिला बच्चों के पालन के लिए नौकरी की मांग



प्रदीप सिंह बघेल

**शहडोल। पति की ड्यूटी के दौरान मौत के बाद एक महिला अब अपने छोटे-छोटे बच्चों के पालन-पोषण के लिए नौकरी की गुहार लगा रही है। धनपुरी वार्ड क्रमांक 22 निवासी रश्मि नामदेव ने संभागीय कमिश्नर को आवेदन देकर अपने दिवंगत पति के स्थान पर रोजगार देने की मांग की है।**

रश्मि नामदेव ने बताया कि उनके पति स्व. सुनील कुमार नामदेव नगर पालिका परिषद धनपुरी में पिछले 15 वर्षों से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। 9 दिसंबर 2025 को ड्यूटी के दौरान अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया। पति की मौत के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी अब रश्मि पर आ गई है। उन्होंने बताया कि उनके दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र महज 9 साल और 3 साल है। घर चलाने के लिए कोई अन्य आय का साधन नहीं है। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें पति के स्थान पर नौकरी दी जाए, ताकि वे बच्चों का पालन-पोषण और उनकी पढ़ाई जारी रख सकें।

# परिवार में सामंजस्य बढ़ाएं सहजयोग से

आज के तेज़-तर्रार जीवन में परिवार के सदस्यों के बीच तनाव, मतभेद और दूरी बढ़ना एक सामान्य समस्या बनती जा रही है। व्यस्त दिनचर्या, डिजिटल जीवन और आपसी संवाद की कमी के कारण रिश्तों में खटास आ जाती है। ऐसे में यदि कोई सरल और प्रभावी मार्ग हमें पारिवारिक सामंजस्य सिखा सके, तो वह है सहजयोग।

सहजयोग क्या है?-सहजयोग एक ऐसी ध्यान पद्धति है जो हमें हमारे अंदर की शांति और संतुलन से जोड़ती है। इसकी स्थापना श्री माताजी निर्मला देवी जी ने की थी। यह पद्धति सहज रूप से आत्म-साक्षात्कार कराकर हमारे भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाती है।



परिवार में सामंजस्य की आवश्यकता-परिवार केवल एक साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव, समझ और सहयोग का नाम है। जब परिवार के सदस्य एक-दूसरे को समझते हैं और सम्मान देते हैं, तभी सच्चा सुख और शांति संभव होती है।

सहजयोग से सामंजस्य कैसे बढ़ाएँ?

1. सामूहिक ध्यान (Collective Meditation)

परिवार के सभी सदस्य यदि रोज़ कुछ समय साथ बैठकर ध्यान करें, तो आपसी संबंधों में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। इससे क्रोध और तनाव कम होता है और प्रेम व समझ बढ़ती है।

2. भावनात्मक संतुलन

सहजयोग के अभ्यास से मन शांत होता है, जिससे हम छोटी-छोटी बातों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय समझदारी से व्यवहार करते हैं। इससे विवाद कम होते हैं।

3. संवाद में सुधार-जब मन शांत और स्थिर होता है, तो हमारी वाणी में भी मधुरता आती है। सहजयोग हमें सिखाता है कि कैसे हम दूसरों की बातों को धैर्यपूर्वक सुनें और सही तरीके से अपनी बात रखें।

4. क्षमा और स्वीकार्यता-परिवार में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन उन्हें पकड़कर रखना संबंधों को कमजोर करता है। सहजयोग हमें क्षमा करना और दूसरों को स्वीकार करना सिखाता है, जिससे रिश्ते मजबूत होते हैं।

5. बच्चों के लिए सकारात्मक वातावरण-जब घर का वातावरण शांत और प्रेमपूर्ण होता है, तो बच्चों का मानसिक और भावनात्मक विकास बेहतर होता है। वे भी स्वाभाविक रूप से अच्छे संस्कार सीखते हैं। परिवार में सामंजस्य बनाए रखना कोई कठिन कार्य नहीं है, यदि हम अपने भीतर शांति और संतुलन विकसित करें। सहजयोग एक ऐसा सरल माध्यम है, जो न केवल व्यक्ति को बदलता है, बल्कि पूरे परिवार के वातावरण को सकारात्मक बना देता है।अंततः, जब हर सदस्य अपने भीतर की शांति को अनुभव करता है, तो परिवार में प्रेम, समझ और सामंजस्य स्वतः बढ़ने लगता है। सहजयोग इसी परिवर्तन की एक सुंदर शुरुआत है। नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग सदैव निःशुल्क है।

# 107 दिव्यांगों की हुई जांच, 63 को मिलेंगे सहायक उपकरण

## व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संपूर्ण प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी

**रणजीत टाइम्स**

निप्र सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा जनपद स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया था यहां पर जनपद पंचायत के कार्यालय में यह शिविर 28 अप्रैल को आयोजित किया गया था जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा यहां आने वाले दिव्यांगों का परीक्षण किया गया जनपद पंचायत गंधवानी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पर 107 दिव्यांगों का पंजीयन कर परीक्षण किया गया साथ ही 63 दिव्यांगों का चिन्ह्यांकन कर उन्हें सहायक उपकरण के लिए चयनित किया था इन लोगों को जरूरत के मुताबिक ट्राई साइकिल और अन्य उपकरण मिलेंगे जिससे इन



दिव्यांगों को परेशानी नहीं होगी वहीं 15 दिव्यांगों का यू डी आई डी कार्ड भी बनाया जाएगा जो कि इन दिव्यांगों को अपने एड्रेस पर पोस्ट के माध्यम से प्राप्त हो जाएगा वहीं इस शिविर में आने वाले दिव्यांग और उनके परिजन के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी साथ ही ठंडे पेयजल के लिए भी व्यवस्था थी दिव्यांगों के द्वारा शिविर में सुबह से पहुंचकर अपना परीक्षण कराया परिजनों लेकर यहां पहुंचे इस शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राधा डावर,पंचायत इंस्पेक्टर गोविंद सिंह निगवाल, सामाजिक न्याय विभाग के भारत मंडलोई पैसा एक्ट सामान्यक राजेश गहलोत पीसीओ छगन सिंह जमरा भुवन सिंह ठाकुर भेरू सिंह जामोद सहित जनपद का स्टाफ और सचिव रोजगार सहायक मोबाइजर मौजूद रहे।



**गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण**

# कलेक्टर ने नामली उपार्जन केंद्र पर परखी व्यवस्थाएं, तौल और नमी की हुई जांच



**रणजीत टाइम्स**

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का कार्य जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर मिशा सिंह ने मंगलवार को नामली स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल प्रक्रिया की शुचिता जांची, बल्कि चिलचिलाती धूप में उपज लेकर आ रहे किसानों की सहूलियत पर भी विशेष जोर दिया।

### मौके पर हुआ तौल और नमी का सत्यापन

कलेक्टर ने केंद्र पर पहुंचकर सबसे पहले तौल कांटों का सत्यापन कराया। उन्होंने अपनी मौजूदगी में गेहूं की बोरियों का वजन करवाकर पारदर्शिता सुनिश्चित की। इसके साथ ही मॉइश्चर (नमी) मशीन के माध्यम से गेहूं की गुणवत्ता और नमी की जांच करवाई। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर से ऑनलाइन एंट्री और पोर्टल के संचालन की भी जानकारी ली।

### किसानों से संवाद और सुविधाओं के निर्देश

मिशा सिंह ने केंद्र पर मौजूद किसानों से सीधे चर्चा की और उनसे उपार्जन प्रक्रिया व सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों के लिए ठंडे पेयजल और छाया की पर्याप्त व्यवस्था हो।आपात स्थिति के लिए केंद्र पर ओआरएस (ORS) के पैकेट उपलब्ध रहें।

3/किसानों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए तौल कांटों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि उन्हें लंबा इंतजार न करना पड़े।

### अधिकारियों की उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले और तहसीलदार रतलाम ग्रामीण आशीष उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए।

## न्याय की उम्मीद लेकर पहुँचे 53 फरियादी, पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश



**रणजीत टाइम्स**

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रतलाम में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के निर्देशन में आयोजित इस सत्र में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 53 आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने तत्काल संबंधित थाना प्रभारियों से फोन पर चर्चा कर पुराने प्रकरणों की स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई का फीडबैक लिया। श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि शिकायतों पर केवल कागजी कार्रवाई न हो, बल्कि उनका संतोषजनक और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

~एसपी ने केवल नई शिकायतों पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि पूर्व में आयोजित जनसुनवाई की शिकायतों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ मामलों में निराकरण लंबित है, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

### इनका कहना है

*पुलिस प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान करना है। जनसुनवाई की यह प्रक्रिया नियमित रहेगी ताकि हर नागरिक को न्याय मिल सके।*

***अमित कुमार, एसपी, रतलाम***

## 100 आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ, आवास और अतिक्रमण के मामलों पर हुई कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान मिशा सिंह (कलेक्टर), वैशाली जैन (सीईओ जिला पंचायत) एवं डॉ. शालिनी श्रीवास्तव (एडीएम) ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनसे आवेदन प्राप्त किए। प्रशासन ने मौके पर ही निराकरण योग्य शिकायतों का समाधान कराया, जबकि शेष आवेदनों के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को समय-सीमा के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम रैला की हुनाबाई ने बताया कि खेत में विद्युत मोटर बंद करते समय करंट लगने से उनके पति की मृत्यु हो गई थी। परिवार के भरण-पोषण हेतु आर्थिक सहायता के आवेदन पर तहसीलदार रावटी को



आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम कोटड़ी के हीरालाल ने शिकायत की कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण पूरा होने के बावजूद पिछले 11-12 महीनों से अंतिम दो किश्तें बकाया हैं। इस पर सीईओ जनपद पंचायत को मामले के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।ग्राम बाजेड़ा के बापुसिंह ने शासकीय शमशान भूमि पर कुछ लोगों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के प्रयास की शिकायत की। निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। शहर के रमेश ने सीवर और बाथरूम जाम होने से घर में पानी भरने और बीमारी के खतरे की शिकायत की। उन्होंने बताया कि नगर निगम से केवल आश्वासन मिल रहा है। इस पर कमिश्नर नगर निगम को स्थाई समाधान के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय सीमा में किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## बी-पैक्स की सदस्यता अभियान के लिए जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**रणजीत टाइम्स**

म.प्र. शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर सहकारिता के दायरे को बढ़ाने के लिए एक व्यापक अभियान की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में आज धार जिले में बी-पैक्स (बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं) की सदस्यता बढ़ाने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

?प्रदेश स्तर पर इस वर्ष 10 लाख नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से धार जिले को 20 हजार नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प के साथ, प्रभारी कलेक्टर श्री अभिषेक चौधरी द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई।



इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रशासक सुश्री वर्षा श्रीवास तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (श्री के.के. रायकवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**किसानों को मिलेंगे ये लाभ:**इस प्रचार वाहन का मुख्य उद्देश्य जिले के समस्त कृषक बंधुओं तक सदस्यता अभियान की जानकारी पहुँचाना है। जो किसान अब तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से संबद्ध बी-पैक्स संस्थाओं की सदस्यता से वंचित हैं, वे इस अभियान के माध्यम से सदस्य बनकर शासन की 0त्न ब्याज योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 29 अप्रैल 2026



# युवक की मौत पर बवाल: परिजनों ने हाइवे पर शव रखकर किया चक्काजाम

## परिजनों का आरोप..युवक की मौत दुर्घटना नहीं, हत्या है

रणजीत टाइम्स

बीना-सागर हाईवे पर मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब एक युवक की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। मामला जरूआखेड़ा के पास सेमरा लहरिया तिराहे का है, जहां घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, सेमरा लहरिया निवासी धर्मेंद्र यादव पिता कंछेदी यादव बीती रात बाइक से जरूआखेड़ा से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक देवी मंदिर की दीवार से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सागर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम सागर में होने



के बाद परिजन शव लेकर सेमरा लहरिया तिराहे पहुंचे और हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### निष्पक्ष जांच की मांग

परिजनों ने पुलिस की प्रारंभिक जांच पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि यह सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि धर्मेंद्र यादव की हत्या की गई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। चक्काजाम की सूचना मिलते ही जरूआखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुजूर मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया जिसके बाद जाम समाप्त कराया जा सका। चक्काजाम के चलते नेशनल हाईवे पर लंबे समय तक यातायात प्रभावित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस द्वारा स्थिति सामान्य कराए जाने के बाद यातायात बहाल किया गया।

नशे के विरुद्ध जिले में चलेगा जीरो टॉलरेंस अभियान

# गांजे की खेती एवं बिना पर्ची दवा बेचने वालों पर होगी कार्रवाई



रणजीत टाइम्स

नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया कि वे जिले के उन दवा विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों को चिन्हित करें जो संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए किए कोई भी विक्रेता बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के नशीली दवाओं की बिक्री न करे। सभी दवा दुकानों में दवाओं के स्टॉक और विक्रय का रिकॉर्ड संधारित होना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स और डॉक्टरों पर तत्काल दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में गांजे की अवैध खेती करने वाले किसानों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने इसके लिए मैदानी अमले को मुस्तैद रहने को कहा है।

### स्कूल-कॉलेजों में बनेंगे काउंसलिंग कक्ष

युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्कूल और उच्च शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करेंगे। प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में अनिवार्य रूप से काउंसलिंग कक्ष बनाया जाएगा और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही नशा करने वाले छात्रों की पहचान कर उनके अभिभावकों के साथ मिलकर काउंसलिंग करने के भी निर्देश दिए। जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में 6-6 बेड के पृथक वार्ड तैयार करने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि नशे के आदी मरीजों को उचित उपचार और परामर्श मिल सके। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि नशा मुक्त समाज का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। पुलिस, प्रशासन और शिक्षा विभाग मिलकर एक ऐसी चैन बनाएं जिससे नशीली दवाओं की सप्लाई लाइन टूटे और युवाओं को सही दिशा मिल सके। इस बैठक में एसपी विकास शाहवाल, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, उप पुलिस अधीक्षक लोकेश सिंहा, सिटी मजिस्ट्रेट गगन विसेन सहित जिला शिक्षा अधिकारी, आबकारी विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर और कृषि विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर की छत गिरी, पुत्र की मौत, पिता घायल

## भटोली कुमेरिया गांव का मामला, घटना के समय सो रहा था परिवार

रणजीत टाइम्स

सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भाटोली कुमेरिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां घर की छत गिरने से 14 वर्षीय बालक की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भटोली कुमेरिया ग्राम निवासी गोविंद लडियां अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। सुबह लगभग 7 बजे अचानक मकान की छत की सीलिंग भरभराकर गिर गई



जिसकी चपेट में आकर उनका 14 वर्षीय पुत्र केशव लडिया और स्वयं गोविंद लडिया घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत सहायता के लिए पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल गढ़ाकोटा के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद केशव लडिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं गोविंद लडिया की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार एक दिन पहले हुई बारिश के कारण मकान की छत में पानी भर गया था जिससे सीलिंग कमजोर हो गई और सुबह यह हादसा हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन द्वारा भी स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।

### तीन माह से लापता 70 वर्षीय बुजुर्ग, परिजनो ने लगाई ढूंढने की गुहार



सागर। मकरोनिया थाना क्षेत्र से लापता एक बुजुर्ग व्यक्ति का तीन माह बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले को लेकर परिजनों ने मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन सौंपा। गणेश मंदिर के पीछे गौरनगर निवासी मालती बाई रैकवार ने बताया कि उनके पति हरलाल रैकवार उम्र करीब 70 वर्ष 31 मार्च को दोपहर होटल पैराडाइज के सामने मकरोनिया क्षेत्र से लापता हो गए थे। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट मकरोनिया थाने में दर्ज कराई गई और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की लेकिन अब तक बुजुर्ग का कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने जल्द से जल्द बुजुर्ग की तलाश कर सुरक्षित बरामदगी की मांग की है।

# ग्रापं बम्होरी रेंगुआ के टोला भटुआ पारा में जल संकट



रणजीत टाइम्स

ग्राम पंचायत बम्होरी रेगुवां के टोला भटुआ पारा के ग्रामीण पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। अपनी समस्या लेकर मंगलवार को ग्रामीण कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक हजार आबादी वाले इस क्षेत्र में नल जल योजना के तहत पानी की सप्लाई की जा रही है लेकिन सरपंच, उपसरपंच और सचिव की लापरवाही के चलते पानी नियमित और पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है। इस कारण गांव में लोगों के साथ पशुओं को भी पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि वार्ड में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए नए कुएं में अनियमितताएं हुई हैं जिसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल के अन्य साधनों का भी अभाव है। उन्होंने बताया कि पूर्व में अलग पाइपलाइन से पर्याप्त जल आपूर्ति होती थी लेकिन अब अधिक कनेक्शन होने से पानी का दबाव कम हो गया है। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा पाइपलाइन तोड़ने और वाल्व बंद करने की घटनाओं से समस्या और गंभीर हो गई है जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाई जाए, वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और समस्या का जल्द निराकरण किया जाए।

### खनिज विभाग ने रेत से भरे दो डंपर जब्त किये

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी अनित पंड्या के नेतृत्व में खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा सोमवार को तहसील राहतगढ़ में संयुक्त कार्यवाही करते हुए खनिज मुरम का अवैध उत्खनन करते हुए 2 डम्पर तथा 1 ट्रैक्टर ट्राली जप्त किए गए। खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त वाहनों को थाना राहतगढ की अभिरक्षा में रखा गया है तथा उक्त प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। खनिज अधिकारी ने कहा कि अवैध परिवहन उत्खनन पर कार्यवाहियां आगे भी जारी रहेगी।

### रेलवे की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

सागर। रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई। एसडीएम अमन मिश्रा ने बताया कि ग्राम रगोली में कुछ व्यक्तियों ने रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ था जिसे कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश हटाया गया है एवं भूमि रेलवे को सौंप दी गई है।

# 70 क्विंटल सीमेंट-राखड़ से भरा कंटेनर पलटा

## एक साथ 5 टायर फटने से बिगड़ा संतुलन, ड्राइवर सुरक्षित, लिफ्ट लेने वाला घायल

रणजीत टाइम्स

खुरई के सागर रोड स्थित आचार्य विद्यासागर तिराहे पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया जब सागर से बीना की ओर जा रहा सीमेंट-राखड़ से भरा कंटेनर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। कंटेनर में करीब 70 क्विंटल सामग्री लदी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चलते कंटेनर के एक साथ पांच टायर फट गए, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कंटेनर तेज रफ्तार में सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराया और उसकी लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए पलट गया। हादसे के



दौरान जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। हादसे के समय कंटेनर में चालक के साथ सत्यपाल सिंह पिता खिलान सिंह 33 साल निवासी दमोह भी मौजूद था, जो सागर में लिफ्ट लेकर बैठा था जिसे बीना जाना था। राहत की बात यह रही कि ड्राइवर को किसी प्रकार की चोट नहीं आई, लेकिन सत्यपाल सिंह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज जारी है। घटना ऐसे समय हुई जब सड़क पर वाहनों की आवाजाही कम थी। यदि उसी समय ट्रैफिक अधिक रहता तो कई वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे और बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही खुरई शहरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। क्षतिग्रस्त कंटेनर को हटाने और यातायात बहाल करने के प्रयास किए गए। प्रारंभिक जांच में टायर फटना हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

# ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ने से यात्री की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

स्वतंत्र समय, सागर। खुरई रेलवे स्टेशन के पास कामायनी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यात्री अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के बाद महाराष्ट्र स्थित अपने घर लौट रहे थे। मृतक के भतीजे संदीप गुप्ता ने बताया कि उनके चाचा कैलाश उम्र 45 साल निवासी उल्हासनगर मुंबई उत्तर प्रदेश के औड़ियार के पास स्थित सादात गांव में उनके भाई की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह के बाद वे कामायनी एक्सप्रेस से औड़ियार रेलवे जंक्शन से कल्याण मुंबई जा रहे थे। सागर और खुरई



के बीच यात्रा के दौरान कैलाश को अचानक सीने में तेज दर्द उठा। इसकी सूचना रेलवे कर्मचारियों को दी गई। खुरई रेलवे स्टेशन पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई। एम्बुलेंस से कैलाश को सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना शहरी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई की और शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों ने बताया कि कैलाश की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है।

# शॉर्ट सर्किट से बस्ती में लगी भीषण आग, चार घर जलकर खाक

## एक भैंस जिंदा जली, ट्रैक्टर समेत लाखों का सामान राख, प्रशासन और फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**रणजीत टाइम्स**

जिले के बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के जसैया गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक बस्ती में मंगलवार दोपहर भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते चार घर जलकर खाक हो गए। इस हादसे में एक ट्रैक्टर, किसानों की सिंचाई में उपयोग आने वाली पाइपलाइन, बिजली के केबल, भूसा, गोबर के कंडे सहित घरेलू उपयोग का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पड़िया और दूसरी भैंस झुलस गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपए के नुकसान की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय बस्ती के लोग पास स्थित तालाब पर गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें बस्ती की दिशा से धुआं उठता दिखाई दिया। ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे तो देखा कि घरों में आग धधक रही है और तेजी से फैल रही है। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पाइपलाइन के माध्यम से पानी की व्यवस्था कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग लगातार बढ़ती गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके





पर जुट गए और आग बुझाने में लग गए। साथ ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना पर बहादुरपुर तहसीलदार कैलाश मालवीय, अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तहसीलदार कैलाश मालवीय ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार बस्ती से कुछ दूरी पर रखे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़की, जो फैलते हुए घरों तक पहुंच गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आग लगने वाले स्थान पर नरवाई नहीं थी। फिलहाल प्रशासन नुकसान का आंकलन कर रहा है।

### 5 साल से बटांकन लटकाकर आवेदक को कर रहा परेशान ग्राम पटवारी


# जनसुनवाई में फूटा जमीन विवाद पटवारी की कार्यशैली पर उठे सवाल

- पटवारी के संरक्षण में बदली जमीन की मेड कटवा दिए पेड़ ,15 महीने तक आदेश दबाए बैठा पटवारी आवेदक ने मांगा न्याय
- आवेदक ने लगाई कलेक्टर से गुहार, प्रकरण लंबित होने के बावजूद अनावेदकों ने बैंच दी जमीन

**रणजीत टाइम्स**

ग्राम पटवारी द्वारा निजी जमीन के बटांकन में परेशान किए जाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदक मनोज कुमार पुत्र नेमीचंद जैन निवासी शांति नगर पठार अशोकनगर ने कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदक मनोज जैन ने बताया कि ग्राम मलखेड़ी में सर्वे नं. 254 में 254/2 रकवा 0.154 हैक्टेयर जमीन है, जो पुस्तैनी बुजुर्गों की है। उन्हें यह जमीन पिता के द्वारा उनके हिस्से में मिली है।

जमीन का बटांकन प्रकरण विगत 4-5 सालों से लंबित चल रहा है। जिसमें आर.आई. द्वारा पहली रिर्पोट 03/06/2022 को दी जिसे ( अनावेदक ) राजीव जैन पुत्र क्षमा देवी वगैरा द्वारा धनबल से अस्वीकृत करवा दिया गया। बाद में ग्राम पटवारी द्वारा दूसरा बटांकन प्रस्ताव दिया जो विधि सम्बत नहीं था। उसे स्वीकृत करवा दिया गया। इसके बाद प्रार्थी द्वारा एस. डी. एम. के यहां आपत्ति दर्ज की, जिसे एस.डी.एम. द्वारा निरस्त करने एवं पुनः बटांकन सही रूप से विधि सम्मत करने का आदेश दिया।जिसका लगभग 15 महीने में ग्राम पटवारी रूपेन्द्र यादव द्वारा अमल नहीं किया गया। इसके बाद तहसीलदार द्वारा पुनः मौके की रिर्पोट ग्राम पटवारी से मांगी, जो 5-6 महीने में पेश की, वह भी विधि सम्मत नहीं थी, जिसमें आवेदक ने तहसीलदार के यहां आपत्ति दर्ज की। आवेदक द्वारा जिलाधीश को यह भी बताया गया कि बटांकन प्रकरण लंबित होने पर भी गुप्त रूप से अनावेदक द्वारा कुछ जमीन सर्वे नं. 254/1 में से आकाश अग्रवाल को 13/03/2026 में विक्रित कर दी। जिसकी रजिस्ट्री तहसीलदार के यहां दर्ज है। उक्त सर्वे नं. की मेड पर सारे पेड़ काट दिये गये जिसकी शिकायत प्रार्थी ने की।



उक्त सर्वे नं. की मेड की मूल अवस्था भी अनावेदक द्वारा बदल दी। जिसमें ग्राम पटवारी का पूरा सरंक्षण प्रतीत होता है, जिससे आवेदक के हित पूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं। आवेदक ने उक्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने,आवेदक को उसके बुजुर्गों की जमीन दिलवाई जाने की गुहार लगाई है।

### इनका कहना है...

रजिस्ट्री हमने नहीं करवाई है और नामांतरण की कोई फाइल अभी नहीं आई है। जमीन का बंटांकन चल रहा है। किसी से एक भी पैसा नहीं मांगा गया। पेड़ कटाई मामले में मौके पर जांच कर रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार साहब को भेज दी गई है।

■ रूपेन्द्र यादव, पटवारी ग्राम मलखेड़ी सर्वे नं. 254

# गेहूं उपार्जन कार्य ने पकड़ी रफ्तार

**रणजीत टाइम्स**

इन दिनों समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य रफ्तार पकड़ रहा है। किसान द्वारा अपनी गेहू का समर्थन मूल्य में विक्रय करने हेतु ऑनलाईन स्लॉट बुकिंग कराये जा रहे है लेकिन खराब सर्वर के कारण ऑनलाईन स्लॉट बुक करने वाली साईड नहीं चल पा रही और आधी-अंधूरी प्रक्रिया होने के बाद इनरोर का मैसिज आ जाता है और पुन: प्रक्रिया शुरू से दौहरानी पड़ती है और फिर कार्यवाही पूर्ण नहीं हो रही है। इस तरह स्लॉट बुक नहीं हो पाने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय होगा कि समर्थन मूल्य पर किसानों की फसल के उपार्जन के लिए सरकार के द्वारा किसानों से पूर्व में ही अपने-अपने ऑनलाईन पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया गया था, जिस पर किसानों द्वारा ऑनलाईन पंजीयन कराये गये और पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य जिले में विगत 15 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पहले छोटे किसानों की उपज प्राथमिकता के साथ खरीदने हेतु उनके ही स्लॉट बुक किये जा रहे थे, लेकिन विगत तीन दिन पूर्व से बड़े किसानों को भी अपनी फसल विक्रय करने हेतु स्लॉट बुक करने के निर्देश जारी होते ही किसानों द्वारा स्लॉट बुक कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

**स्लॉट बुक करना है अनिवार्य :-** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के कार्य में किसानों के द्वारा स्लॉट बुक कराना अनिवार्य कर दिया गया है और स्लॉट बुक होने के बाद ही किसान अपनी उपज का समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकता है, बिना स्लॉट बुक हुए किसान का गेहूं का उपार्जन समर्थन मूल्य पर नहीं किया जायेगा और ना ही उसका शासन की ओर से भुगतान हो सकेंगा। इसलिए पहले किसान स्लॉट बुक करा रहे है और अपना नंबर आने पर ही खरीदी केन्द्र प्रागण पर पहुंचकर अपनी गेहूं का समर्थन मूल्य पर विक्रय कर रहे है। सिर्फ उपार्जन कार्य ही नहीं वर्तमान में सहकारी संस्थाओं से खाद-बीज वितरण में भी स्लॉट बुक कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

**सर्वर हो जाता है ठप्प :-** वर्तमान समय में बड़ें किसानों के साथ-साथ छोटे किसान भी समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं नहीं विक्रय कर पाये है। जब भी किसान ऑनलाईन सेंटर में जाकर स्लॉट बुक कराने की प्रक्रिया प्रारंभ करते है तो शासन की उपार्जन कार्य हेतु निर्धारित ऑनलाईन साईड का सर्वर ठप्प हो जाता है और किसानों का स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है। कई बार तो आधी प्रक्रिया होने के बाद साईड इनरोर बताने लगती है। इस तरह से बहुत कम संख्या में ही किसानों के स्लॉट बुक हो पा रहे है और खराब सर्वर के कारण किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पाने के कारण वह समर्थन मूल्य पर अपने गेहूं का विक्रय नहीं कर पा रहे है।

**किसानों को है रूपयों की आवश्यकता :-** शादी-विवाह के इस सीजन में किसानों को रूपयों की आवश्यकता है और किसानों की साल भर की कमाई उसकी फसल होती है जिस पर वह अपना जीवन-यापन के साथ-साथ सभी समाजिक कार्यों के लिए आश्रित रहता है। ऐसी स्थिति में सर्वर की समस्या के कारण वह अपनी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहा है और आर्थिक तंगी और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मजबूरन किसान अपनी खून-पसीने से सींचकर उपजाई गई उपज को छुटभैया व्यापारियों को औने-पौने दाम में विक्रय कर रहा है।

# जल संकट से जूझ रहा जान्हवी नगर

**सिवनी ।** जैसे-जैसे गर्मी की ऋतु आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे लोगों की पानी की मांग बढ़ रही है विडंबना है कि लोगों को अन्य आवश्यकताओं की अतिरिक्त पीने के लिए पानी भी नहीं मिल पा रहा है। लोग परेशान हैं मीलो दूर से जाकर लोगों को पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने पड़ रहा है यह स्थिति नगर मुख्यालय से बरघाट रोड पर स्थित ग्राम पलारी के जान्हवी नगर की है जहां पर रोज कमाने खाने वाले मजदूर वर्ग के अधिकतम लोग रहते हैं उनके सामने पानी की समस्या एक चुनौती बन गई है चाहे बच्चे हो या बूढ़े सभी दिनभर तपती धूप में पानी के लिए भटकते देखे जा सकते हैं।

देखा गया कि लोग अपने वाहनों में तेल की कुप्पियों को टांगकर सड़कों पर देखे जा सकते हैं उन्हें इस बात की चिंता नहीं रहती की आने वाला वाहन किस गति से आ रहा है और वहां की रफ्तार के चलते दुर्घटना हो सकती है उनके सामने तो सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह उन्हें पानी मिल जाए और वह अपने साथ-साथ अपने परिवार की प्यास बुझा सके। ऐसे एक नहीं अनेक परिवार हैं जो पानी के लिए तरस रहे हैं ऐसे लोगों की सुनने वाला कोई नहीं है।

लोगों ने बताया कि रेल विस्तार के दौरान उन्हें हटाया गया था और यहां पर रहने के लिए जमीन तो दे दी गई किसी तरह उन्होंने अपने टपरे बनाकर रहना प्रारंभ कर दिया लेकिन जिस जगह पर रहते हैं वहां पर जमीन पत्र ली है जो हैंडपंप है वह सूख चुके हैं और उन्हें अब आसपास कोई ऐसा स्त्रोत नहीं है जहां से पानी मिल सके मजबूरन उन्हें दूर से जाकर पानी लाना पड़ता है ऐसे ऐसे में उन्हें अपने जीवन की कोई चिंता नहीं है। जिस जिस समय उन्हें यहां बसाया गया था ।

# श्मानक मंथनश् कृषि मशीनरी . सुरक्षा आवश्यकताएं, ट्रैक्टर विषय पर कार्यक्रम



**बुधनी।** 27 अप्रैल 2026 भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा दिनांक 27 अप्रैल 2026 को श्मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय कृषि यंत्र प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी में किया गया। कार्यक्रम का विषय श्कृषि मशीनरी . सुरक्षा आवश्यकताएं भाग 2 ट्रैक्टर आईएस 12239 भाग 2 का दूसरा पुनरीक्षण रहा। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लियाए जिनमें तकनीकी विशेषज्ञ संस्थान से जुड़े प्रतिनिधि एवं अन्य हितधारक शामिल रहे। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई तथा मानकों के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए.के. उपाध्याय वरिष्ठ कृषि अभियंता (CFMTTI) बुधनी रहेए जिनका स्वागत अशुतोष रायए वैज्ञानिक.सी/उप निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कृषि मशीनरी विशेषकर ट्रैक्टरों में सुरक्षा मानकों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ऐसे मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता बताई।

# लीकेज से हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद कई वार्डों में एक दिन छोड़कर हो रही सप्लाई

**रणजीत टाइम्स**

नगर में कई स्थानों पर लीकेज नहीं सुधारने के कारण बड़ी मात्रा में पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि परिषद की उदासीनता और लापरवाही के कारण जनता कई वार्डो को एक दिन के अंतराल के बाद पानी सप्लाई हो रहा है। वहीं कई जगह लीकेज होने के कारण सडक़ों पर पानी बहता रहता है है। श्मशान घाट के सामने उमरिया जा रही पाइप लाइन में बड़ा लीकेज होने के कारण पिछले एक माह से पानी नाले मे बह रहा है जिससे रोज हजारों लीटर पानी का अपव्यय हो रहा है। वहीं वार्डो में पूरे प्रेशर से पानी नहीं मिल पा रहा है। बाजार के दिन बाजार ग्राउंड में टैंकर खड़ा नहीं करने से में व्यापारियों व आम लोगों पीने के पानी की परेशानी हो रही। दूसरी और व्यर्थ पानी बहाया जा रहा है इसकी शिकायत मुख्य नगर



पालिका अधिकारी से करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि अभी से नगर कई वार्डो में पानी की सप्लाई एक दिन के अंतराल में की जा रही है। इसके बाद लीकेज के कारण वार्डो में पर्याप्त पानी नही मिल पा रहा है। वही नाले मे पानी बहने से उमरिया के आमलोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है इसलिए पानी के अपव्यय को रोकने के लिए तत्काल व्यवस्था की जानी चाहिए।

# पचोर के पास भीषण सड़क हादसा: 2 महिलाओं की मौत, 20 से ज्यादा घायल

**शाजापुर।** जिस वाहन में कुछ ही देर पहले खुशियों से भरे मंगल गीत गाए जा रहे थे, चंद पलों में ही वह चीख-पुकार और आंसुओं में बदल गया। राजगढ़ जिले के पचोर क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे ने शादी वाले घर की खुशियों को मातम में धकेल दिया। ममेरा लेकर जा रहे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते 6 से अधिक लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, हादसा सोमवार रात करीब 11 बजे पचोर क्षेत्र के कचनारिया के पास हुआ। एक पिकअप वाहन और ट्रक के बीच आमने-सामने की इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि पिकअप पलट गई और उसमें सवार करीब 20 से अधिक महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सभी घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया। एक साथ इतने घायलों के पहुंचने पर अस्पताल में आपात स्थिति बना दी गई। सिविल सर्जन सहित सभी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अलर्ट मोड पर आकर तत्काल घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया।

**इलाज के दौरान दो महिलाओं ने तोड़ा दम:** अस्पताल में इलाज के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मवासा जिला राजगढ़ निवासी भगवती बाई पति चंद्रसिंह और अवंती बाई पति गोपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर मंगलवार सुबह परिजनों के सुपुर्द किया।

शादी में ममेरा लेकर जा रहे थे सभी घायल ग्रामीण धीरप सिंह यादव ने बताया कि सभी मवासा गांव से ब्यावरा के पास बरखेड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे।

वे शादी का ममेरा लेकर जा रहे थे, तभी कचनारिया के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। डॉ. के अनुसार, गंभीर रूप से घायल मरीजों को इंदौर रेफर किया गया है।



घटना में हुकम सिंह, रामलखन, राधाबाई, कोमलबाई, कलाबाई और गीताबाई सहित अन्य घायल हो गए। वहीं, पिकअप वाहन के चालक देव सिंह की हालत भी नाजुक होने पर उसे पचोर से ही भोपाल रेफर कर दिया गया। जबकि कांताप्रसाद, लक्ष्मी नारायण, महेश, गीताबाई, प्रेम सिंह, होकम सिंह, संजू बाई, मंजू बाई, भगवती, पवन, धीरप और कलाबाई सहित अन्य घायलों का शाजापुर जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

## रैली निकाल किया विरोध प्रदर्शन

# गेहूं खरीदी में गड़बड़ी और महिला आरक्षण पर बिफरी कांग्रेस

**रणजीत टाइम्स**

गेहूं - चना खरीदी केंद्रों पर अनियमितताओं और महिला आरक्षण को वर्तमान स्थिति में ही तत्काल लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने प्रभावी विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे कांग्रेस के कार्यकर्ता श्रीकृष्ण तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए रैली के रुप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपे।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण देने के पक्ष में रही है। जब 2023 में मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल को संसद में पुन: पेश किया तब कांग्रेस पार्टी सहित समूचे विपक्ष ने समर्थन देते हुए सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल को पास कर उसे तुरंत लागू करने की बात कही थी। मगर केंद्र की भाजपा सरकार की नियत में खोट है। वह महिलाओं को आरक्षण देना नहीं चाहती। वर्तमान में सरकार परिसीमन बिल को महिला आरक्षण से जोड़कर देश की आधी आबादी महिलाओं को धोखा दे रही है। हकीकत में केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं को आरक्षण देना ही नहीं चाहती। इसीलिए कांग्रेस पार्टी मांग कर रही है कि वर्तमान स्थिति में ही महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में दिया जाना चाहिए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि जिले में गेहूं और चना खरीदी केंद्रों पर कहीं कम तौला जा रहा है, कहीं बार दाने की कमी बताई जा रही है। कहीं हम्मालों की कमी बताकर दो से तीन दिन तक खरीदी नही हो रही। इससे किसान परेशान है। व्यवस्था सुधार नही हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान डॉ. गोविंद मुजाल्दा, मांगीलाल पाटीदार, परसराम पाटीदार, नितेश मंडलोई, असलम शेख, अरुणा उपाध्याय, सरिता भावसार, नानी बाई गुर्जर, आसमा डावर, निशिता भलरॉय, देवश्री मुजाल्दे, रजनी चौहान, राजेश मंडलोई, दीपक डंडीर आदि उपस्थित थे।

> **हम्मालों की कमी बताकर दो से तीन दिन तक खरीदी नही हो रही। इससे किसान परेशान है। व्यवस्था सुधार नही हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन को बाध्य होगी।**

## नर्सिंग छात्रों को चार साल से नही मिली छात्रवृत्ति, उठी पोर्टल शुरु करने की मांग



**रणजीत टाइम्स**

जिले में नर्सिंग छात्रों के भविष्य पर समय पर परीक्षाएं नही होने के साथ ही छात्रवृत्ति नही मिलने से आर्थिक बोझ बढ़ता रहा है। प्रवेश के बाद वर्षों से पाठ्यक्रम अधूरे पड़े हैं, परीक्षाएं समय पर हो नही रही। वहीं अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित छात्रों को पिछले 4 वर्षो से छात्रवृत्ति भी नहीं मिली है। आर्थिक तंगी के कारण कई छात्रा को फीस चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ा है और कुछ छात्राएं पढ़ाई छोड़ने की कगार पर हैं।

मंगलवार को छात्रवृत्ति पोर्टल शुरु कराने की मांग को लेकर छात्र-छात्राएं कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलेक्टर को मांगपत्र सौंपा। छात्र अरुण यादव, योगेश, चेतन आदि ने बताया कि वे सत्र 2020-21 से नर्सिंग कोर्स में अध्ययनरत है। यह कोर्स 2025 तक पूरा करने की उम्मीद है। लेकिन बार-बार रोकी जा रही परीक्षाओं के चलते अब तक कोर्स पुरा नही हुआ है। इतना ही नही चार साल से छात्रवृत्ति भी नहीं मिली है और वह अपने वार्षिक खर्चों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे है। जिसमें किराए और कॉलेज की फीस के लिए रुपये शामिल हैं। हजारों रुपए का खर्च परिवार पुरा नही कर पा रहा है, वहीं युवा अवस्था होने के बावजूद डिग्री पुरी नही होने से रोजगार भी नही मिल पा रहा। हम अंशकालिक नौकरियों की तलाश कर रहे हैं, लेकिन काम और पढ़ाई को संतुलित करना मुश्किल है। हालात यह है कि पढ़ाई छोड़ना मजबुरी बन रहा है। छात्रों ने बताया हाल ही में लंबे समय बाद पोर्टल खुला था। लेकिन महाविद्यालय की ओर से समय पर डाटा उपलब्ध नही कराने से समय पर पोर्टल पर आवेदन नही कर पाए। कॉलेज की ओर से देरी से डाटा अपलोड़ किया।

## मोमाई माता स्थापना दिवस पर छाया भक्ति का बड़े उत्साह से निकली शोभायात्रा, हुआ स्वागत

**रणजीत टाइम्स**

पाल क्षत्रिय गड़रिया समाज की कुल देवी मोमाई माता स्थापना दिवस पर मंगलवार को भक्ति का उल्लास छाया रहा। सुबह से देरशाम तक गडरिया मंदिर क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह माता मंदिर विराजित देवी श्री का पूजन, श्रृंगार किया गया। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समाज के महिला-पुरुषों, बच्चों ने माता के जयकारे लगाए। माता को क्षेत्र में सुसज्जित रथ में विराजित कर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान रास्तेभर विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों ने स्वागत- सत्कार किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर स्थल पहुंची।



धर्मशाला की मिली सौगात

समाज अध्यक्ष अजय पाल ने बताया माता महोत्सव के दौरान समाजजनों को धर्मशाला की सौगात भी मिली। दोपहर में दोपहर में सामाजिक कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने धर्मशाला का लोकार्पण कर समाज को समर्पित की। इस दौरान नवीन धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को विधायक सहित समाज के वरिष्ठजनों ने पुरस्कृत किया। दोपहर में समाजजनों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन भी हुआ। जिसमें समाजजनों ने देवीश्री दर्शन के बाद प्रसादी ग्रहण की।

## श्री कृष्ण बालाजी नगर में सजा बाबा श्याम का भव्य दरबार, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**रणजीत टाइम्स**

सनावद में ओंकारेश्वर रोड पर स्थित बालाजी ग्रुप की शानदार कॉलोनी श्री कृष्ण बालाजी नगर में भक्ति का एक अद्भुत और भव्य नजारा देखने को मिला। अवसर था भव्य भजन संध्या और बाबा श्याम के दिव्य दरबार का, जहाँ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्य लाभ कमाया।

**बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार और अखंड ज्योत:** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बाबा श्याम का भव्य दरबार रहा। जहां बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। शाम को विधि-विधान के साथ ज्योत प्रज्वलित की गई, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने बाबा के जयकारों के साथ शीश नवाया और सुख-समृद्धि की कामना की।



**कलाकारों ने बांधा समा, राधे-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन:** बालाजी ग्रुप के संस्थापक और समाजसेवी कालोनाइजर रितेश गोयल ने बताया कि मंच पर आए ख्यातनाम भजन गायक कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज से समां बांध दिया। जिसमें जबलपुर की गायिका पूनम त्रिपाठी, इंदौर से अंकित गुरु और सौरभ लाडला मुख्य थे। जब कलाकारों ने बाबा श्याम और बालाजी के भजन छेड़े, तो श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और झूमकर नाचने लगे। कार्यक्रम में राधे-कृष्ण का स्वरूप धारण किए कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। लोगों ने कलाकारों की इन प्रस्तुतियों को खूब सराहा।

भजन संध्या के दौरान बालाजी ग्रुप द्वारा विशाल प्रसादी का आयोजन किया गया। अनुशासित व्यवस्था के बीच हजारों लोगों ने बाबा का आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया।

## दिल्ली सरकार

### 1300 श्रद्धालुओं कराएगी सोमनाथ की मुफ्त यात्रा, 30 अप्रैल को सीएम रेखा दिखाएंगी हरी झंडी



दिल्ली सरकार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 1300 श्रद्धालुओं को मुफ्त में सोमनाथ धाम की यात्रा कराएगी। इसके लिए 30 अप्रैल को राजधानी से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। यात्रा में शामिल होने के इच्छुक लोग अपने-अपने क्षेत्र के विधायक से संपर्क कर सकते हैं। दिल्ली सरकार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सोमनाथ यात्रा आयोजित करने जा रही है। इस पहल के तहत 30 अप्रैल को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 1300 श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष ट्रेन गुजरात के सोमनाथ धाम के लिए रवाना होगी। मुख्यमंत्री खुद इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगी। यह यात्रा 1000 वर्षों की अखंड आस्था थीम पर आधारित है और इसका मकसद लोगों को अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ना है। यात्रा पूरी तरह निशुल्क होगी। यह ट्रेन 30 अप्रैल को दिल्ली से रवाना होकर अगले दिन सुबह सोमनाथ पहुंचेगी। इसके बाद 1, 2 और 3 मई को श्रद्धालु भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे और आसपास के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी पूजा-अर्चना का अवसर मिलेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं की पूरी व्यवस्था गुजरात सरकार की ओर से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए गुजरात सरकार का आभार भी जताया है।

# महाराष्ट्र MLC चुनाव

## चुप्पी में छिपी रणनीति, BJP क्यों रोक रही नामों का ऐलान?

**महाराष्ट्र में विधान परिषद (MLC) चुनाव को लेकर सियासत गर्म है, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) अब तक अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित क्यों नहीं कर रही। जबकि आंकड़े साफ बताते हैं कि सत्ता पक्ष आराम से बहुमत के साथ अपनी सीटें निकाल सकता है।**



### गणित साफ, फिर देरी क्यों?

राज्य विधानसभा के मौजूदा समीकरण के अनुसार BJP अपने 6 MLC आसानी से जिता सकती है। सहयोगी शिवसेना के खाते में 2 सीटें और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हिस्से में 1 सीट आना तय माना जा रहा है। विपक्ष के पास संख्या इतनी नहीं कि वह एक से ज्यादा उम्मीदवार जीत सके। यानी खेल लगभग एकतरफा है - फिर भी BJP की चुप्पी कई संकेत दे रही है।

BJP के सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि अपना ही संगठन है। MLC की सीटें सीमित हैं, लेकिन दावेदारों की लंबी लाइन है - पुराने नेता, नए चेहरे, क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण - हर पहलू को साधना जरूरी है।

नामों का ऐलान जल्दी करने का मतलब होगा असंतोष को खुलकर सामने आने देना। इसलिए पार्टी आखिरी वक्त तक सस्पेंस बनाए रखकर बगावत को दबाने की रणनीति पर काम कर रही है। सहयोगियों के साथ तालमेल भी चुनौती महायुति में शामिल दलों के बीच सीटों का बंटवारा भले तय दिख रहा हो, लेकिन अंदरखाने खींचतान जारी है। शिवसेना (शिंदे गुट) और NCP (अजित पवार गुट) दोनों अपने-अपने कोटे में मजबूत और वफादार चेहरों को आगे लाना चाहते हैं। BJP अगर जल्दी नाम घोषित करती है, तो सहयोगियों पर भी दबाव बनेगा - और इससे गठबंधन में तनाव बढ़ सकता है।

### रणनीतिः "आखिरी चाल" से सबको चौंकाना BJP की राजनीति में एक पैटर्न साफ दिखता है

अंतिम समय पर उम्मीदवार घोषित कर विपक्ष ही नहीं, अपने खेमे को भी चौंका देना। इससे दो फायदे होते हैंः असंतोष को संगठित होने का समय नहीं मिलता बगावत की संभावना कम हो जाती है विपक्ष की कमजोर स्थिति, फिर भी नजर विपक्ष की कमजोर स्थिति, फिर भी नजर विपक्षी गठबंधन - खासकर कांग्रेस पार्टी और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) - संख्या में कमजोर हैं, लेकिन BJP की अंदरूनी कलह पर नजर बनाए हुए हैं।

अगर टिकट वितरण में नाराजगी बढ़ी, तो विपक्ष "क्रॉस वोटिंग" का खेल करने की कोशिश कर सकता है। जीत तय, लेकिन राजनीति बाकी इस चुनाव में BJP की जीत लगभग तय मानी जा रही है, लेकिन असली लड़ाई सीट जीतने की नहीं, बल्कि संतुलन साधने की है। नामों का ऐलान जितना देर से होगा, उतना ही पार्टी को नुकसान नियंत्रित करने का मौका मिलेगा। यानी MLC चुनाव सिर्फ संख्या का खेल नहीं, बल्कि सत्ता के भीतर की राजनीति का टेस्ट बन गया है।

# करीब 82 माह बाद भारत दौरे पर आ सकते हैं राष्ट्रपति जिनपिंग

## प्रगाढ़ होंगे भारत-चीन संबंध? क्या गलवां के बाद पहली बार शी जिनपिंग भारत आएंगे?

भारत और चीन के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने के संकेत एक बार फिर चर्चा में हैं। शी जिनपिंग के संभावित भारत दौरे की अटकलों ने कूटनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है। करीब 82 महीने बाद अगर यह दौरा होता है, तो यह सिर्फ एक औपचारिक यात्रा नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों की दिशा तय करने वाला बड़ा संकेत माना जाएगा।

गलवां के बाद पहली बड़ी पहल?- साल 2020 में हुए गलवां घाटी संघर्ष ने भारत-चीन संबंधों को सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया था। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत तो जारी रही, लेकिन भरोसे की कमी साफ दिखती रही। ऐसे में जिनपिंग का संभावित भारत दौरा एक "आइस-ब्रेकर" साबित हो सकता है।



ब्रिक्स सम्मेलन बना बहाना या मौका?- आगामी ब्रिक्सशिखर सम्मेलन को इस संभावित दौरे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। भारत इस बार मेजबान की भूमिका में हो सकता है, और ऐसे में चीन के राष्ट्रपति की मौजूदगी अनिवार्य कूटनीतिक प्रोटोकॉल का हिस्सा भी हो सकती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह दौरा सिर्फ सम्मेलन तक सीमित रहेगा या द्विपक्षीय संबंधों में नई शुरुआत भी करेगा?

क्या सच में पिघल रही है बर्फ? हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच कुछ सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं सीमा पर तनाव कम करने को लेकर सैन्य वार्ताएं व्यापारिक संबंधों में स्थिरता बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग-लेकिन इसके बावजूद सीमा विवाद, रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय प्रभाव की होड़ जैसे मुद्दे अब भी जस के तस हैं। भारत की रणनीति क्या होगी?-नरेंद्र मोदी सरकार के सामने चुनौती यह होगी कि वह कूटनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता न करे। भारत "वॉच एंड एंगेज" की नीति पर चल रहा है—जहां बातचीत भी जारी है और सतर्कता भी। संकेत सकारात्मक, लेकिन सतर्कता जरूरी-शी जिनपिंग का संभावित भारत दौरा निश्चित रूप से एक बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम होगा। लेकिन यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे दोनों देशों के रिश्ते पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे। भारत-चीन संबंधों की वास्तविक परीक्षा सीमा पर शांति, विश्वास निर्माण और दीर्घकालिक सहयोग में छिपी है-जहां हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा।